# ग्लोबल ब्रांड के रूप में उभरेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लोगो और डिजाइन को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्व के बेहतरीन हवाई अड्डों में से एक होगा। प्रदेश सरकार इसे विश्वस्तरीय बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। यह एयरपोर्ट भारत का गौरव बनेगा और हम इसे ग्लोबल ब्रांड के रूप में विश्व पटल पर प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोगो, नाम और डिजाइन को हरी झंडी दे दी। नये हवाई अड्डे का नाम 'नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर' तय किया गया है। इसके लोगो में राज्य पक्षी सारस का अक्स है। चार फेज में बनने वाले इस एयरपोर्ट की शुरुआती क्षमता 120 लाख यात्री प्रति वर्ष होगी, जिसे अलग-अलग फेज में विस्तार देते हुए वर्ष 2050 तक सात करोड़ यात्री प्रति वर्ष तक किया जाएगा। शुरुआत में यहां दो रन-वे होंगे जिसे पांच रन-वे तक किया जाएगा। यह एयरपोर्ट यात्री



योगी आदित्यनाथ (फाइल फोटो)


सुविधाओं के लिहाज से विश्वस्तरीय होगा। एयरपोर्ट की डिजाइन लंदन, मॉस्को और मिलान के विश्वप्रसिद्ध एयरपोर्ट की तर्ज पर तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को जेवर एयरपोर्ट से जुड़ा एक प्रस्तुतीकरण भी देखा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

नागरिक उड्डयन निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वस्तरीय एयरपोर्ट के निर्माण के लिए



कुछ इस तरह दिखेगा जेवर एयरपोर्ट



जेवर एयरपोर्ट का लोगो

कंसेशनेयर (संचालक) यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने बीती चार दिसंबर को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के समक्ष इसका मास्टर प्लान प्रस्तुत किया था, जिसे परीक्षण के लिए नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है।